बिहार सरकार
जिला समाहरणालय, भोजपुर।
(जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0)
ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन का विज्ञापन
विज्ञापन संख्या– 02/2018

प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 1159 दिनांक 27.03.2017 से भोजपुर जिला अंतर्गत बाल विकास परियोजना जगदीशपुर एवं तरारी में नवस्वीकृत आँगनबाड़ी केन्द्रों पर आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन किया जाना है। अतः प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक 990, दिनांक– 05.04.2016 द्वारा निर्गत ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन की मार्गदर्शिका–2016 के आलोक में ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विकास परियेाजना कार्यालय जगदीशपुर एवं तरारी में मिनी ऑगनबाड़ी केन्द्रों हेतु आँगनबाड़ी सेविकाओं की रिक्तियों के विरूद्ध चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आँगनबाड़ी सेविकाओं के रिक्त पद से संबंधित विस्तृत जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय जगदीशपुर एवंत तरारी/जिला प्रोग्राम कार्यालय के सूचना पट्ट एवं भोजपुर जिला के वेबसाईट **www.bhojpur.bih.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन प्रपत्र **A4** साईज कागज पर मुद्रित विहित प्रपत्र में आवेदक द्वारा सुस्पष्ट भरा होना चाहिए। आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय जगदीशपुर एवंत तरारी में दिनांक–19.04.2018 से 03.05.2018 तक 10:30 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक कार्य दिवस में जमा किये जा सकते है। विभिन्न स्थानों पर उपलब्धता के अनुसार आम सभा के आयोजन का स्थल सामुदायिक भवन सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन, सरकारी ऑगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी भवन होगा। इसके संबंध में आवश्यक जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय जगदीशपुर एवं तरारी से प्राप्त की जा सकती है।

आँगनबाड़ी सेविकाओं के चयन हेतु अर्हत्ता :–

1. सेविकाओं के लिए उम्र :– ऑगनबाड़ी सेविकाओं के चयन हेतु रिक्ति के प्रकाशन की तिथि को उनकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी जिसका मूल प्रमाण पत्र उनके द्वारा आम सभा में ही उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त चयनित ऑगनबाड़ी सेविका अधिकतम 60 वर्ष की उम्र तक कार्य कर सकेंगी, जिसके पश्चात यह स्वतः सेवा मुक्त हो जायेगी।

2 शैक्षणिक योग्यता :– ऑगनबाड़ी सेविका के चयन हेतु शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष (अतिरिक्त विषयों को छोड़कर) (जिसे मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा पंचायत शिक्षक नियोजन हेतु मान्यता दी गयी हो) उत्तीर्ण होगी। अधिक योग्यता के लिए कोई प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।

3. मतदाता एवं निवासी होने की योग्यता :– ऑगनबाड़ी सेविकाओं के अभ्यर्थी को मैपिंग पंजी के अनुरुप संबंधित वार्ड का निवासी एवं मतदाता होना अनिवार्य होगा अथवा आवेदिका के पति/श्वसुर का नाम संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में अंकित होना अनिवार्य होगा।

4. अयोग्यता – सरकारी/गैर सरकारी नियोजन में कार्यरत व्यक्ति जिनकी मासिक आय 12000/– (बारह हजार) रु0 या उससे ज्यादा है/जन प्रतिनिधि/संबंधित प्रखंड के जन वितरण बिक्रेता की पत्नी/बहू सेविका के चयन के लिए अयोग्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी न्यायालय से दंडित किया गया हो तो उसे भी ऑगनबाड़ी सेविका के पद के लिए चयनित नहीं किया जायेगा।

10.04.18

जिला पदाधिकारी
भोजपुर, आरा।

परियोजनावार मिनी आँगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं की रिक्तियों के विरूद्व चयन हेतु आम सभा का कार्यक्रम

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	पंचायत/वार्ड का नाम	वार्ड संख्या	आँगनबाड़ी केन्द्र का नाम	केन्द्र कोड	रिक्त पद का नाम	आम सभा की तिथि	आम सभा का समय	आम सभा का स्थान
						सेविका			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जगदीशपुर	उतरदाहाँ	13	नहर टोला अरैला	259	सेविका	20/06/2018	11:00 AM	प्राथमिक विधालय नहर टोला अरैला
2	जगदीशपुर	उतरवारी जंगल महाल	13	मुगौल द0 भाग	260	सेविका	8/6/2018	11:00 AM	प्राथमिक विधालय
3	जगदीशपुर	पूर्वी आयर	7	पूर्वी आयर म0 भाग	261	सेविका	6/6/2018	11:00 AM	सार्वजनिक दलान, चौक पर
4	जगदीशपुर	पूर्वी आयर	11	राजपुत टोला	262	सेविका	9/6/2018	11:00 AM	बड़ा दलान राजपुत टोला
रिक्त पद						4			
1	तरारी	भकुरा	8	सरफोरा मध्य	219	सेविका	13/06/2018	11:00 AM	प्रा0 वि0 सरफोरा (मियां टोला)
2	तरारी	जेठवार	13	गोपालपुर	220	सेविका	18/06/2018	11:00 AM	प्रा0 वि0 गोपालपुर
3	तरारी	पनवारी	4	पनवारी दक्षिणी	221	सेविका	9/7/2018	11:00 AM	उ0 म0 पनवारी
4	तरारी	बसौरी	7	बसौरी पश्चिमी	222	सेविका	29/06/2018	11:00 AM	म0 वि0 बसौरी
5	तरारी	बसौरी	10	लबना पश्चिमी	223	सेविका	2/7/2018	11:00 AM	प्रा0 वि0 लबना
रिक्त पद –						5			
कुल रिक्त पद –						9			

10.04.18

जिला पदाधिकारी
भोजपुर, आरा।